आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. ऑल इंडिया कोटा के तहत एमबीबीएस और दूसरे अंडरग्रेजुएट चिकित्सा पाठयक्रम में दाखिले के लिए परामर्श का पहला दौर कल से शुरू होगा ।
2. 'विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत नशा मुक्त युवा' विषय के साथ कल डीब्रेट में मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
3. सशस्त्र सीमा बल में कांस्टेबल भर्ती के नए नियमों के तहत कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) के 50 प्रतिशत पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित रहेंगे।
4. जेम्स ऑफ इंडिया के पायलट चरण के लिए प्रविष्टियां 31 अगस्त तक जमा की जा सकती है।

<><><><><><><>

ऑल इंडिया कोटा के तहत एमबीबीएस और दूसरे अंडरग्रेजुएट चिकित्सा पाठयक्रम में दाखिले के लिए परामर्श का पहला दौर कल से शुरू होगा और 2026–27 बैच का शैक्षणिक सत्र 8 सितंबर से शुरू होगा। चिकित्सा काउंसलिंग कमेटी–एमसीसी के जारी कार्यक्रम के मुताबिक, डीम्ड और केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के लिए परामर्श का पहला दौर कल से 17 अगस्त तक होगा। परामर्श में शामिल होने की अंतिम तिथि 22 अगस्त होगी। परामर्श का दूसरा चरण 24 अगस्त से 2 सितंबर तक और इसके बाद तीसरा चरण 10 सितंबर से 18 सितंबर तक होगा। बची हुई सीटों को 28 सितंबर से 3 अक्टूबर तक भरा जाएगा। प्रवेश करने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर है। राज्य की आरक्षित सीटों के लिए, परामर्श का पहला चरण 13 अगस्त से 22 अगस्त तक होगा, और प्रवेश करने की तिथि 28 अगस्त तक निर्धारित है। एमसीसी ने नीट–यूजी 2026 परामर्श प्रक्रिया में कई सुधार किए हैं, जिसमें सीट अपग्रेड चुनने वाले उम्मीदवारों के लिए अनिवार्य फिजिकल रिपोर्टिंग को खत्म करना भी शामिल है, ताकि दाखिला प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और विद्यार्थी अनुकूल बनाया जा सके।

<><><><><><><>

राष्ट्रव्यापी अभियान 'विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत नशा मुक्त युवा' के हिस्से के रूप में, अंडमान निकोबार प्रशासन ने युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के माई भारत के सहयोग से कल डॉ.

बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचिव चंचल यादव ने छात्रों और युवाओं को नशा विरोधी शपथ दिलाई। राष्ट्रीय अभियान के हिस्से के रूप में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीधे संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, संकाय सदस्यों, छात्रों, माई भारत के स्वयंसेवकों और आम जनता ने भाग लिया।

<><><><><><>

अण्डमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति की ओर से ठोस एवं प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पर दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र, नई दिल्ली के सहयोग से 'ठोस कचरा प्रबंधन और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन को व्यावहारिक रूप देना' विषय पर यह कार्यशाला पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की भारत–नॉर्वे मरीन प्रदूषण पहल के चरण–दो के तहत आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन सत्र में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सदस्य सचिव सह निदेशक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार कचरा प्रबंधन आवश्यकताओं का पालन न केवल एक बाध्यता है, बल्कि इसे एक व्यावहारिक बदलाव के रूप में अपनाया जाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन वाइपर और एंडरसन द्वीप के लिए एकीकृत द्वीप प्रबंधन योजनाएं तैयार करने का कार्य नेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबल कोस्टल मैनेजमेंट, चेन्नई को सौंपा है। एनसीएससीएम ने द्वीप का प्रारूप, तटीय भूमि उपयोग मानचित्र तथा भू–आकृति विज्ञान मानचित्र प्रस्तुत किए है और आम जनता एवं हितधारकों से सुझाव और टिप्पणियां आमंत्रित की है। यह मानचित्र प्रशासन तथा पर्यावरण एवं वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसकी सॉफ्ट कॉपी विभिन्न कार्यालयों में भी उपलब्ध कराई गई है। संबंधित हितधारक अपने विचार, टिप्पणियां, सुझाव तथा वर्तमान या प्रस्तावित परियोजनाओं का विवरण हैडो स्थित वन सदन के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

गृह मंत्रालय की ओर से सशस्त्र सीमा बल में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) भर्ती के नए नियमों के तहत हर साल होने वाली भर्ती में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) के 50 प्रतिशत पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित रहेंगे। नए नियम 27 जुलाई से लागू हो चुके हैं। अधिसूचना के अनुसार, पूर्व अग्निवीरों को लिखित परीक्षा, शारीरिक मानक परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट दी जाएगी। पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित पदों की भर्ती दो चरणों में होगी। पहले चरण में 50 प्रतिशत आरक्षित पदों को भरा जाएगा और दूसरे चरण में बाकी रिक्तियों के लिए खुली प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जाएगी। पहले अग्निवीर बैच के उम्मीदवारों को अधिकतम पांच वर्ष और बाद के बैचों को अधिकतम तीन वर्ष की आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

इस बीच, द्वीपसमूह में 23 से 26 अगस्त तक नेताजी स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 2026–27 के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवार इस रैली में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवारों से प्रवेश पत्र www.joinindianarmy.nic.in से डाउनलोड करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के स्थानीय संगीत एवं सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से द्वीपसमूह के युवाओं और डिजिटल रचनाकारों से  जेम्स ऑफ इंडिया' चैलेंज में भाग लेने का आग्रह किया गया है। 'जेम्स ऑफ इंडिया' चैलेंज सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रसार भारती के सहयोग से शुरू की गई एक राष्ट्रीय पहल है। संस्कृति और विरासत, स्थानीय व्यंजन, लोक परंपराएं, प्रदर्शन कलाएं, प्रकृति, इको–टूरिज्म और प्रेरणादायक स्थानीय कहानियां विषय के साथ प्रतिभागी 1 से 3 मिनट की अवधि के छोटे वीडियो, रील्स और व्लॉग्स के साथ WAVES OTT प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपना मूल कंटेंट अपलोड कर सकते हैं। पायलट चरण के लिए प्रविष्टियां जमा करने की विंडो 31 अगस्त तक खुली रहेगी। विभिन्न स्तर के प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। अधिक जानकारी MyWAVES प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की भर्ती से संबंधित कुछ पदों के लिए रिक्तियों और श्रेणीवार रिक्तियों में प्रशासनिक कारणों से संशोधन किया गया है। मुख्यभूमि के जिन उम्मीदवारों ने कार निकोबार को अपना केन्द्र चुना था, उनका केन्द्र बदलकर श्री विजयपुरम कर दिया गया है। उम्मीदवारों का श्रेणीवार शारीरिक परीक्षण 7 सितम्बर से शुरू होगा। प्रवेश पत्र अंडमान निकोबार पुलिस पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार पुलिस मुख्यालय के भर्ती प्रकोष्ठ के ई–मेल या फोन के माध्यम से किसी भी कार्य दिवस में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच संपर्क कर सकते है।

<><><><><><><>